**उ0प्र0 विधान परिषद के तृतीय सत्र-2024 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न सख्या-7 का उत्तरालेख्य**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 7 (क) क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि0 में रू0 21.13 करोड़ की कम्प्यूटर खरीद में प्रिंटर तथा कार्टेज भी उसी कम्पनी से लेना अनिवार्य है, जिससे कम्प्यूटर खरीदा गया है? | कम्प्यूटर खरीद में प्रिन्टर तथा कार्टेज समान कम्पनी का लिया जाना अनिवार्य नहीं है। पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि0 द्वारा पूरे डिस्काम हेतु कम्प्यूटर एवं प्रिंटर के क्रय हेतु टेण्डर प्रक्रिया की गयी थी। कम्प्यूटर एवं प्रिंटर जेम पोर्टल पर ओपन टेण्डर के माध्यम से क्रय किये गये हैं तथा आपूर्ति प्रथम न्यूनतम निविदा दाता से प्राप्त की गयी है। सेवा शर्तों के अनुसार यदि समान कम्पनी का कार्टेज प्रिंटर में उपयोग किया जाता है तो आपूर्तिकर्ता संस्था द्वारा उक्त प्रिंटर की वारंटी अवधि तीन वर्ष प्रदान की जाती है, यदि किसी अन्य कम्पनी का कार्टेज, प्रिंटर में उपयोग किया जाता है तो उक्त आपूर्तिकर्ता संस्था द्वारा प्रिंटर की वारंटी अशक्त एवं शून्य (Null and void) हो जाती है। |
| (ख) यदि हाँ, तो किन नियमों के अंतर्गत यह प्राविधानित है? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्या उक्त खरीद के दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही करायेंगे? | प्रश्न नहीं उठता। |

ए0के0 शर्मा

ऊर्जा मंत्री।